राज
कॉमिक्स
संख्या 0290
RAJ COMICS
राज
कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA
आखिरी
दांव
सुपरकमांडो
ध्रुव
इस
कॉमिक्स के
साथ एक स्टीकर
PRATAP MULICK

सुपर कमांडो ध्रुव

आखिरी दांव

कथा एवं चित्र : अनुपम सिन्हा

संपादन : मनीष चंद्र गुप्त

नताशा की खोजबीन से पता लगा कि चैंपियन किलर कारा नाम का एक व्यक्ति हो सकता है, जो गैलीलो और जेरी के साथ साथ बॉक्सर ड्रेजलर और फुटबाल खिलाड़ी सारादोना का भी मैनेजर रह चुका था। ये सभी खिलाड़ी जर्मनी के थे।

इस बीच सारादोना पर भी चैंपियन किलर का हमला हुआ, लेकिन ध्रुव ने सारादोना को बचा लिया। भागते हुए चैंपियन किलर का ध्रुव और नताशा ने पीछा किया। परंतु ध्रुव को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा, और चैंपियन किलर नताशा को बंधक बना कर ले गया।

सारादोना पर हुए हमले के बाद गैलीलो, सारादोना और ड्रेजलर ने जर्मनी वापस जाकर, चैंपियन किलर से हिसाब बराबर करने का फैसला किया।

उधर नताशा को बचाने गया ध्रुव चैंपियन किलर के जाल में फंस गया। और चैंपियन किलर ने ध्रुव को सैंकड़ों फीट ऊपर से नीचे गिरा दिया।

... ध्रुव और जमीन के बीच में आ गई।

यह क्या? य... यह जीप कहां से आ गई?

और ऊपर – नताशा को थामने वाली पतली रस्सी ने भी दम तोड़ दिया।

ओह!

चटाक

बचाओ! मैं नीचे गिर रही हूं।

लेकिन-
अब मैं तुझे गिरने नहीं दूंगा, लड़की! क्योंकि अब तू ही मेरी यहां से सुरक्षित बाहर जाने की गारंटी है।

तुम्हारी किस्मत वाकई बहुत तेज है, सुपर कमांडो ध्रुव, और मेरी बहुत खराब, कि तुम जिंदा बच गए!
मैं जानता हूं कि अब तुम मेरा पीछा दुनिया के आखिरी छोर तक नहीं छोड़ोगे। इसीलिए मैं इस लड़की को अपने साथ लिए जा रहा हूं। और इस बार अगर तुमने मेरा रास्ता रोका...
...तो मैं इसका हाल भी जेरी जैसा कर दूंगा!

हैलीकॉप्टर के पर घूमने शुरू हो गए।
वह नताशा के साथ भाग रहा है, ध्रुव! मैं अभी पुलिस को...
नहीं, पीटर! पुलिस ने अगर जोर-जबर्दस्ती करने की कोशिश की तो नताशा को नुकसान पहुंच सकता है! अभी इसको जाने दो।

लेकिन मुझसे बचकर यह जाएगा कहां?
इसको तो मैं पाताल से भी ढूंढ निकालूंगा।
अब हमको यह कैसे पता चलेगा कि चैंपियन किलर नताशा को कहां ले गया है?

चैंपियन किलर के जीवन का एक ही मकसद है। गैलीलो, ड्रेजलर और साराटोना से बदला लेना। ये तीनों जहां भी जाएंगे, चैंपियन किलर वहां पर जरूर आएगा।
इस लिए अब हमारे लिए इन तीनों पर नजर रखनी बहुत जरूरी है।

लेकिन–
वे तीनों तो आज सुबह ही चले गए, ध्रुव!
चले गए? पर कहां?
HOTEL
रिसेप्शन

वे लोग आज सुबह अपने प्राइवेट प्लेन में जर्मनी के बॉन शहर के लिए रवाना हो गए।
एकाएक जाने का कोई कारण उन लोगों ने नहीं बताया।
और, हां। याद आया।
तैराक जेरी भी उनके साथ ही था।
स्ट्रेचर पर!

बॉन!
'शेल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट' भी तो बॉन शहर के पास ही स्थित है। जहां से प्रशिक्षण पाकर ये चारों सामान्य खिलाड़ी विश्व चैंपियन बन गए।
यू आर राइट, रेणु!

यह संयोग नहीं हो सकता।
'शेल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट' का इस पूरे घटनाक्रम से गहरा संबंध है। मुझे पूरा यकीन है कि हमारे सारे सवालों के जवाब वहीं पर हैं।
और नताशा भी!

ध्रुव का ख्याल एकदम सही था।
क्योंकि उसी वक्त–बॉन शहर की ओर बढ़ते एक प्लेन में–
तू घबरा मत जेरी! हम तेरा बदला जरूर लेंगे।
जब गीदड़ की मौत आती है, तो वह जंगल से भागकर शहर आता है।
हमारा दुश्मन अगर जेल से भागा है, तो सिर्फ हमारे हाथों से मरने के लिए।

लेकिन होनी ने इस बदले की लड़ाई में एक नया पात्र जोड़ दिया था।
और इस वक्त वह भी स्टार की शक्ल वाले अपने प्राइवेट प्लेन में बॉन शहर की तरफ बढ़ रहा था।

अगले दिन – बॉन शहर के बाहर स्थित 'शेल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट' में एक अनपेक्षित मेहमान आया।
आइए, मि० ध्रुव! डायरेक्टर साहब आपका इंतजार कर रहे हैं।

और थोड़ी देर में ही – ध्रुव डायरेक्टर साहब को पूरी कहानी सुना चुका था।
... और फिर, मैं भी बॉन आ गया।
कहानी तो दिलचस्प है।
लेकिन इसमें मैं तुम्हारी क्या मदद कर सकता हूं?

जिन खिलाड़ियों पर हमले हुए हैं, वे सभी आपके ही इंस्टीट्यूट के हैं।
और चैंपियन किलर का कहना है कि वे सभी धोखे से चैंपियन बने हैं।
मैं आपसे सिर्फ इतना जानना चाहता हूं,...
... कि इस 'धोखे' का क्या मतलब हो सकता है।

डायरेक्टर एक सेकेंड में आगबबूला हो उठा।
क्या तुम यह कहना चाहते हो कि हमारे इंस्टीट्यूट में, खिलाड़ी बनाने के लिए गैरकानूनी तरीके अपनाए जाते हैं?
देखिए, मैं तो सिर्फ...।
ऐसी बात कहने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई?
गेट आऊट!

जा रहा हूं। जा रहा हूं।
जाते-जाते मुझे सिर्फ इतना बता दीजिए, कि कारा मुझे कहां पर मिलेगा?
कारा! कौन कारा?
आई सेड गेट आउट! और अगर दुबारा कभी आस-पास भी नजर आए तो जिंदा नहीं बचोगे।

डायरेक्टर के कमरे से बाहर निकलते समय ध्रुव काफी हद तक संतुष्ट था।

डायरेक्टर की हड़बड़ाहट ने मेरे इस शक को तो पक्का कर दिया है, कि यहां पर कुछ गैरकानूनी...

सूं! सूंऽऽ!

यह *रसायनों* की महक कहां से आ रही है? ठीक वैसी ही जैसी किसी *प्रयोगशाला* से आती है।

रसायनों की गंध का स्रोत ढूंढने में ध्रुव को जरा सी भी परेशानी नहीं हुई।

क्योंकि सामने सिर्फ एक दरवाजा था।

और उसके अंदर से निकल कर जा रहा व्यक्ति साफ तौर पर *वैज्ञानिक* लग रहा था।

दरवाजा लॉक था।

लेकिन ध्रुव के लिए किसी भी ताले को खोल लेना, कुछ ही सैकंडों का काम था।

अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही है।

लगता है कि अंदर कोई नहीं है। मेरे लिए अच्छा ही है।

पहला शब्द सुनते ही ध्रुव घूम चुका था।
और वाक्य खत्म होते-होते ध्रुव सारी स्थिति समझ चुका था।
... और यहां घुसने वाले हर चोर के लिए एक ही आदेश है। देखते ही गोली मार देने के आदेश!
यह तो वही वैज्ञानिक है!...
और इसकी तो उंगली भी ट्रिगर पर दब रही है।
यह तो सचमुच मुझपर गोली चलाने जा रहा है।

वैज्ञानिक को ध्रुव का फुर्ती का अंदाज नहीं था।
ध्रुव की हाथ कब घूमा यह वैज्ञानिक को नहीं दिखा।
और न ही वह अपने हाथ पर गिरने वाले तेज एसिड से अपने आप को बचा पाया।
आऊऊ
एक चीख के साथ पिस्तौल वैज्ञानिक के हाथ से छूटकर दूर जा गिरी।

और जब उसका चीखना बंद हुआ, तो उसने अपने आप को ध्रुव की गिरफ्त में पाया।
बोल! यहां पर क्या होता है?
बोल!
मु... मुझे नहीं मालूम।
मैंने तो अभी कुछ महीने पहले से ही यहां नौकरी करना शुरू किया है।

ध्रुव के पास सच्चाई उगलवाने के लिए ज्यादा वक्त नहीं था।
अगले ही पल ध्रुव ने एक एसिड की बोतल वैज्ञानिक के मुंह में घुसेड़ दी।
अगर मैंने इस बोतल को जरा सा भी टेढ़ा कर दिया, तो तुम्हारी आंतें गलकर तुम्हारे खून में मिल जाएंगी। कर के दिखाऊं?
ब...ब... बताता हूं।
इसे... इसे निकालो।
निकालो।

अह! यहां... यहां पर मैं रिसर्च करता हूं। ऐसे 'स्टेरायड' बनाने के लिए जो किसी भी 'ड्रग-टेस्ट' में पकड़े न जा सकें। पर अब तक ऐसे 'स्टेरायड' मैं नहीं बना पाया हूं।
स्टेरायड! यानि वे दवाइयां, जिनका प्रयोग खिलाड़ी अपनी ताकत बढ़ाने के लिए करते हैं। पर यह तरीका तो गैरकानूनी है!

तभी–
अभी कौन चीखा था, वाल्ट ?
यह तो डायरेक्टर की आवाज है।
और वह इधर ही आ रहा है।

अब यहां रुकना बेकार है।
यहां से मुझे जो जानकारी मिल सकती थी, वह मिल चुकी है।
छनाक
माई गॉड! यह तो वही छोकरा ध्रुव है।

लेकिन जब तक कोई बाहर झांक पाता –
ध्रुव सुरक्षित छत पर पहुंच चुका था।

कहां गया वह लड़का ?
मालूम नहीं, सर! नीचे तो कहीं कोई नजर नहीं आ रहा है।
तो क्या उसको पर लग गए, मूर्ख ?
ठीक से देखो! वह सिर्फ तुम्हारी मूर्खता से इस लेबोरेट्री तक पहुंच गया।
तुमने जरूर ताला खुला छोड़...!
सर! वो देखिए! नीचे।
अरे!
ये तीनों इस वक्त यहां पर ?
क्या संयोग है! अभी वह लड़का इनके बारे में ही बात कर रहा था।
ध्रुव को ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ।
वाह! इन तीनों का यहां आना साबित करता है कि इस इंस्टीट्यूट का पूरे घटनाक्रम और नताशा के अपहरण से गहरा संबंध है।

थोड़ी ही देर में –
...और वह मुझसे कारा के बारे में भी पूछ रहा था।
मुझे समझ में नहीं आया कि इस कहानी में कारा कहां से आ गया?
वह कारा, जिसे कई महीनों से किसी ने देखा तक नहीं।
और सबसे बुरी बात तो यह है कि वह हमारी लेबोरेट्री के बारे में भी जान गया है।

आप उस छोकरे की चिंता छोड़ दीजिए, सर! उसे हम संभाल लेंगे।
हमको पता चला है, कि हर्ट जेल से भाग गया है। आपने उसको कहीं इंस्टीट्यूट के आसपास तो नहीं देखा है?
हर्ट को? नहीं! वैसे वह जेल से भागा क्यों?
यही तो हम भी जानना चाहते हैं।
अब हमको इजाजत दीजिए, डायरेक्टर साहब!

ध्रुव के लिए यह नाम एकदम नया था।
हर्ट? यह हर्ट कौन है?
वह छोकरा कारा के बारे में कैसे जान गया?
पता नहीं! लेकिन वह लड़का है बहुत खतरनाक! अगर वह कारा तक पहुंच गया, तो हमारे सारे भेद खुल जाएंगे।

हमको तुरंत कारा के पास जाकर यह चेक करना चाहिए कि सब कुछ ठीक ठाक है या नहीं!
तुम दोनों जाकर यह चेकिंग का काम कर लो।
मेरा कल एक मुकाबला है। उसके लिए मुझे जिम्नेजियम जाकर प्रैक्टिस करनी है।
ओ॰के॰, ड्रेजलर! आओ गैलीलो, हम चलें।

वेरी गुड! अब ये दोनों कारा के पास जा रहे हैं।
अब कुछ एक्शन शुरू होगा। मैं भी खाली बैठा-बैठा बोर हो रहा था।

कुछ ही देर बाद – गैलीलो और सारादोना को लेकर एक कार, शहर के बाहर, एक सुनसान रास्ते पर बढ़ रही थी।

और इंस्टीट्यूट के साउंडप्रूफ एक्सरसाइज चैंबर में-
आह! अगर एक दिन मैं प्रैक्टिस न करूं तो पूरा बदन अकड़ने लगता है।
तुम्हारा बदन तो अब अकड़ेगा, चैंपियन ट्रेजलर!
तुम !?
मुझे पता था कि तुम जेल से भाग चुके हो!
लेकिन जेल से भागकर तुमने अपनी ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती की है, चैंपियन किलर!
क्योंकि जब तक तुम जेल के अंदर थे, तब तक तुम मेरे हाथों से बचे हुए थे।
अब मैं तुमको ज़िंदा नहीं छोड़ूंगा।
धाड़
फटाक
पर तुम यहां से ज़िंदा वापस ज़रूर जाओगे, बॉक्सर!
लेकिन अपने पैरों पर चलकर नहीं ...
...बल्कि स्ट्रेचर पर!
चैंपियन किलर के एक ही धमाकेदार वार से 'बॉक्सिंग-सैक' फट गया।
और उसमें से निकलती ज़हरीली गैस ने ट्रेजलर को चारों तरफ से घेर लिया।

जब धुआं छंटा –
तो ड्रेजलर का अकड़ा हुआ शरीर जमीन पर गिरा हुआ था।

और कहीं दूर –
हाहाहा! देख गैलीलो! हमारे मैनेजर साहब कितनी आराम से जिंदगी बिता रहे हैं।

हम से आँखें दिखाने का यही अंजाम होता है, कारा!
तू हमको ब्लैकमेल करने चला था। हमारा राज खोलने चला था।
अब जिंदगी भर तू इसी दड़बे में सड़ेगा, कारा!
यह क्या?
यानि कारा, चैंपियन किलर नहीं है। बल्कि इन लोगों ने इसको किसी और कारण से बंदी बनाकर रखा हुआ है।

चलो, गैलीलो! हमारा कैदी और हमारा राज, दोनों ही सुरक्षित हैं। यहां तक कभी कोई पहुंच नहीं सकता।

ध्रुव भी नहीं।
चलो, ड्रेजलर को यह खुशखबरी दे आएं।

दूसरी तरफ – ड्रेजलर के कैरियर खत्म होने की खुशी में, चैंपियन किलर अट्टहास कर रहा था।
हाहाहा!
'वर्ल्ड हैवीवेट बॉक्सिंग चैंपियन ड्रेजलर' आज चैंपियन किलर के कदमों में पड़ा है।

लेकिन चैंपियन-किलर की यह खुशी सिर्फ पल भर की ही थी। क्योंकि अगले ही पल –
य... यह क्या? तुम्हारे हाथ-पैर तो चल रहे हैं!
यानि तुम पर मेरी 'नर्व गैस' का असर नहीं हुआ?
धड़ाक
नहीं, कमीने! जब से तूने सारादोना पर गैस से हमला किया ...
तब से मैं अपनी नाक में हमेशा 'एयर-फिल्टर' पहने रहता हूं।
इसीलिए तेरी गैसें मुझ पर बेअसर हैं।

गिरने का नाटक तो मैंने सिर्फ इस-लिए किया था, ताकि तू असावधान हो जाए, और अपना बचाव न कर सके।
ताड़
ड्रेजलर ने आज तक कोई मुकाबला नहीं हारा था।
और आज तक ड्रे..का कोई भी प्रतिद्वंदी, बाक्सिंग रिंग से अपने पैरों पर चलकर वापस नहीं जा पाया था।
धम
इसमें कोई शक नहीं था कि चैंपियन किलर मुसीबत में था।

दूसरी तरफ – कारा कई महीनों से इस वीराने में कैद था, और उसने किसी चमत्कार की उम्मीद छोड़ दी थी।

घबराओ मत, कारा!

मैं अभी तुम्हारे बंधनों के ताले खोल देता हूं!

त..तुम कौन हो?

धीरज रखो, कारा! अभी पांच मिनट में तुम सब समझ जाओगे!

आज भी उसको अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था।

धड़ाक

लेकिन ध्रुव यह नहीं जानता था कि दरवाजा टूटते ही एक इलेक्ट्रॉनिक यंत्र कहीं सिग्नल भेजने लगा है।

पींप पींप

यह आवाज कैसी है, साशदोना?

इसका मतलब है कि किसी ने कारा के कमरे का दरवाजा खोला है।

हमको तुरंत वापस जाना होगा।

और पांच मिनट बाद–

ओह! तो यह चक्कर है!

हां! पहले मेरा ख्याल था कि तुम ही चैंपियन किलर हो। लेकिन मेरा यह ख्याल गलत निकला।

तुमने मुझे इस कैद से आजाद किया है, ध्रुव!

इसीलिए मैं तुमको बताता हूं कि चैंपियन किलर कौन है, और वह क्या चाहता है।

मैं 'शेल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट' में एक प्रशिक्षक था। इस इंस्टीट्यूट में एक ऐसा विभाग भी है, जिसका काम ऐसी दवाइयां विकसित करना है, जो खिलाड़ियों में कृत्रिम शक्ति पैदा कर दे। इस विभाग का हेड मेरा गहरा दोस्त वैज्ञानिक श्मिट था।

एक दिन वह खुशी से कूदता मेरे पास आया।

मैं आज रात इसका फाइनल सैंपल बनाकर कल डायरेक्टर साहब के पास ले आऊंगा।
मुझे उस वक्त यह पता नहीं था कि जेरी, सारादोना, ड्रेजलर और गैलीलो खिड़की के बाहर खड़े ये बातें सुन रहे हैं।
उस समय यह चारों बहुत मामूली खिलाड़ी थे। बाद में मुझे यह भी पता चला कि उसी रात...

...यह चारों श्मिट के पास लेबोरेट्री में गए।
और श्मिट से उन लोगों ने वह 'वंडर ड्रग' उन चारों को सौंप देने के लिए कहा।
वंडर ड्रग
श्मिट के साफ मना कर देने पर इन चारों ने 'वंडर ड्रग' जबरदस्ती अपने कब्जे में लेकर, श्मिट को खिड़की से नीचे धकेल दिया।
जमीन से टकराने से पहले श्मिट सिर्फ एक ही बार चीख पाया।
आ ऽऽऽऽ
उस वक्त, श्मिट का सहायक हर्ट मेरे साथ बैठा कॉफी पी रहा था।

चीख सुनकर हम दोनों बाहर की तरफ तेजी से भागे।
हमारे सामने खून में नहाई हुई श्मिट की लाश जमीन पर पड़ी थी।

हर्ट तेजी से ऊपर लेबोरेट्री की तरफ भागा।
और मैं श्मिट की नब्ज देखने लगा।
श्मिट की धड़कन बंद हो चुकी थी।
अब वहां करने को कुछ भी नहीं था।

मैं भी तेजी से ऊपर भागा। लेकिन वहां पर तो नजारा कुछ और ही था।
लेबोरेट्री में वह चारों हर्ट को पकड़े खड़े थे।
कारा!
इस कमीने ने हमारे सामने प्रोफेसर श्मिट से झगड़ा करने के बाद उनको नीचे धक्का दे दिया।

मैं सच्चाई जानता था। लेकिन उन चार की गवाहियों के सामने जज ने मेरी गवाही को नहीं माना।
और हर्ट को उम्रकैद की सजा दी गई।
इन चारों को फिर भी यह डर बना रहा कि मैं कहीं इनके 'वंडर ड्रग' का भेद न खोल दूं।
इन लोगों ने मुझे अपना मैनेजर बना लेने और बेशुमार पैसे देने का लालच दिया। मैं मूर्ख इन के झांसे में आ गया।
लेकिन ये चारों उस ड्रग के बूते पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे। और मुझे एक भी पैसा नहीं दिया।
और अब मैंने 'ओलंपिक कमेटी' के सामने इनका राज खोलने की धमकी दी, तो इन लोगों ने मुझे यहां कैद कर लिया।
समझा!
पर इस कहानी में चैंपियन किलर कहां है?

मुझे कुछ समय पहले इन की बातों से पता चला कि हर्ट जेल से भाग गया है। वह खुद भी 'वंडर ड्रग' का फार्मूला जानता है।
उसने अदालत में इन चारों से बदला लेने की कसम भी खाई थी।

अब वही... आह!
कारा!
धांय
गोली बाहर से किसी ने चलाई है।
और मैं यकीन के साथ कह सकता हूं...

...कि गोली चलाने वाले गैलीलो और सारादोना हैं।
सारादोना! इसने हमको कारा का खून करते हुए देख लिया है।
भर्रर्र र्र र्रर्र

घबरा मत, गैलीलो।
गाड़ी से कुचली हुई लाशें गवाही नहीं देतीं।
वूंऊं ऊंऊं ऊंऊं
यह तो सीधा मेरी ही तरफ आ रहा है!
कार बिजली की तरह ध्रुव की तरफ लपकी। छुपने का वक्त नहीं था।

और वैसे भी ध्रुव ने मुसीबत से बचकर भागना नहीं, बल्कि उसका सामना करना सीखा था।
अगले ही पल–सारादोना और गैलीलो ने एक आश्चर्यजनक दृश्य देखा।
ठक
छप्प
सारादोना ! य…यह तो बच गया!
इतनी फुर्ती !! यह आदमी नहीं, शैतान का भी बाप है!
कोई आदमी ऐसा करिश्मा नहीं कर सकता!

इससे उलझना बेवकूफी होगी! अब हमारे सामने एक ही रास्ता है।
इस छोकरे से सिर्फ ड्रेजलर ही निपट सकता है।
ये दोनों भागकर अब ड्रेजलर की मदद लेने जा रहे हैं।
पर फिर भी ये मुझसे बच नहीं पाएंगे।

ड्रेजलर वाकई एक खूंखार वहशी था।
और अपना पहला दांव बेकार हो जाने के बाद, चैंपियन किलर उससे बच नहीं पा रहा था।
आह

संघर्ष जीने और मरने का था।
यह बात साफ थी कि दोनों में से कोई एक व्यक्ति ही जिंदा बच सकता था।
चैंपियन किलर ने लपक कर एक भाला उठा लिया।
अब सोचने का समय नहीं था।

लड़ाई आर-पार की थी।

चैंपियन किलर अपना निर्णय लेने से पहले पलभर को भी नहीं ठिठका।

आईईईई

ठक

जेवेलिन का नुकीला फल, ड्रेजलर के सीने को बीचोंबीच से छेदता हुआ, पीछे दीवार में जा धंसा। ड्रेजलर का काम पल भर में तमाम हो गया।

और अगले ही पल एक भीषण अट्टहास ने उनके भय को कई गुना बढ़ा दिया।
ह...हर्ट!! हमको म.. माफ कर दो, हर्ट!
आ हा हा हा हा
हर्ट मर चुका है, कमीनो। अब मैं हर्ट नहीं, चैंपियन किलर बन गया हूं!
तुम जैसे चैंपियनों के खून का प्यासा!

ह.. हमको मारना नहीं! मारना नहीं!
तुम दोनों को तो मैं ऐसे भी नहीं मारूंगा। तुम दोनों को तो मैं तब तक यातनाएं दूंगा, जब तक कि तुम लोग ये कबूल न कर लो...
...कि ड्रेजलर की हत्या तुम दोनों ने की है!
ताकि तुम भी यह जान लो कि हत्या के झूठे आरोप के कारण, जेल में सड़ना कैसा लगता है!
अब तुम लोग या तो जेल में सड़ोगे, ...
... या मेरे हाथों से मरकर नर्क में!
जो चाहो चुन लो!
चुनने का काम तो अब तुमको करना है, हर्ट उर्फ चैंपियन किलर!

ध्रुव!
तुम यहां कैसे पहुंच गए?
फालतू की बातों का मेरे पास वक्त नहीं है। अब.. तुम शांतिपूर्वक आत्मसमर्पण करके मेरे साथ चलते हो, ...
... या फिर मुझे जोर-जबर्दस्ती करने के लिए मजबूर करोगे?

हाहाहा! मैं जानता था कि तुम मेरा पीछा दुनिया के अंत तक भी नहीं छोड़ोगे! इसीलिए 'ट्रंप का इक्का' मैं अपने साथ लेता आया था।
तुम्हारी चहेती नताशा!
अगर तुमने मुझे रोकने की कोशिश की, तो इस बटन को हल्का सा दबाते ही, दूर कहीं पर...
तुम्हारी नताशा के चिथड़े उड़ जाएंगे।

ओह। यह कैसी दुविधा है?
नताशा की जान के बदले में इन दोनों की जान।
लेकिन चैंपियन किलर अपना वादा पूरा करेगा, इसमें मुझे शक है। ...

...इसीलिए चैंपियन किलर से मुझे हिसाब अभी बराबर करना होगा।
चैंपियन किलर को ध्रुव से इस हरकत की उम्मीद नहीं थी। वैसे भी उसके दोनों हाथ भरे हुए थे...
धा
ड़
तड़
...जिनको ध्रुव ने तुरंत खाली करा दिया।
रिमोट कंट्रोल हवा में उड़ कर दूर जा गिरा।

और साथ ही रस्सी भी उस के हाथ से छूट गई।
हवा में कई मीटर ऊपर टंगे गैलीलो और सारादोना तेजी से नीचे गिरने लगे।
आऊऽऽ
?
और गिरने का नतीजा क्या होगा, यह ध्रुव अच्छी तरह से जानता था।

वह तेजी से रस्सी के दूसरे छोर की तरफ लपका।
और एक झटके के साथ सारादोना और गैलीलो हवा में ही रुक गए।
चैंपियन किलर अब तक संभल चुका था।
आह!
इसके अंदर तो जबर्दस्त ताकत है!
धड़ाक
पहले ही वार से मेरा सिर घूमने लगा है।
लेकिन इसका मुकाबला करने के लिए मुझे रस्सी को छोड़ना पड़ेगा। ...

और मैं रस्सी को तब तक नहीं छोड़ सकता, जब तक मैं इसको कहीं पर बांध न दूं।
आह!
धड़ाक
अब सारादोना और गैलीलो सुरक्षित थे।
और ध्रुव चैंपियन किलर का सामना करने के लिए आजाद था।
आउ!
यह अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है! लगता है कि इसको इस हाथ में कहीं से चोट लग गई है!
चाहे जो भी कारण हो, इस बात से मुझे ही फायदा है।
आह
लेकिन चैंपियन किलर के पास एक और खतरनाक हथियार था।
उसके 'स्पाईक शूज'।
धाड़
और ध्रुव के पास इस हथियार का काट नहीं था।
तड़ाक

अब बचाव का सबसे अच्छा तरीका जवाबी हमला था।

खट्

चैंपियन किलर को फिर संभलने का मौका नहीं मिला।

याऊ

लेकिन 'वंडर ड्रग' के असर में होने से चैंपियन किलर की ताकत ध्रुव की ताकत से कई गुना ज्यादा थी।

तड़ाक्

और ध्रुव इतनी देर तक लड़ने से थोड़ी थकान भी महसूस कर रहा था।

इसीलिए इस लड़ाई में चैंपियन किलर की जीत की संभावनाएं बढ़ती जा रही थीं।

टिशं

हवा में उड़ता ध्रुव का शरीर वजनों को रखने वाली रैक से टकराया —

धाााड़

और सैकड़ों किलो भारी वजन ध्रुव के शरीर पर बारिश की बूंदों की तरह गिरने लगे।

ध्रुव का शरीर इस जबर्दस्त बोझ के नीचे दबता चला गया।

ठनाक

छन

ठक

टनन

और वजनों ने ध्रुव के शरीर को जमीन के साथ चिपका दिया।

ध्रुव के लिए, अपने शरीर को, जमीन से एक इंच ऊपर उठाना भी असंभव था।

ऐसी स्थिति में, ध्रुव अपने सिर पर खड़ी मौत को, असहाय सा देखने के अलावा और कुछ नहीं कर सकता था।

धाड़

बूट की एक तेज ठोकर से ध्रुव का दिमाग बेहोशी के अंधकार में डूबता चला गया।

और न जाने कितनी देर बाद — जब ध्रुव को होश आना शुरू हुआ —

तब तक कमरे का दृश्य बदल चुका था।

इसका नाम ध्रुव है, य ापको कैसे पता चला?

इसने मुझे खुद बताया था।

होश में आने की बधाई हो, मि॰ ध्रुव। पुलिस आपके होश में आने का बेसब्री से इंतजार कर रही है।
दरअसल पुलिस को यह जानने की बहुत जल्दी है, कि.... तुमने ड्रेजलर की हत्या क्यों की।
और गैलीलो और सारादोना कहां हैं?
ड्रेजलर की हत्या मैंने नहीं, चैंपियन किलर हर्ट ने की है। और गैलीलो और सारादोना को भी वही ले गया है।
झूठ बोल रहे हो तुम!

इस इंस्टीट्यूट के अंदर तुम्हारे अलावा और कोई बाहरी व्यक्ति नहीं आया। और हर्ट तो आसपास नजर तक नहीं आया।
तो इसका मतलब है कि वह अब तक इंस्टीट्यूट के अंदर ही है। मुझे उसे ढूंढने जाने दो। वर्ना बहुत देर हो जाएगी।
सॉरी, मि॰ ध्रुव!
यहां के हालात देखते हुए हम आपको छोड़ नहीं सकते।

मेरे पास बहस करने का समय नहीं है।
अगर तुम मुझे नहीं छोड़ोगे, तो मुझे अपनी राह खुद बनानी होगी।

इसे पकड़ो! भागने मत...
आह!
...तो इसीलिए चैंपियन किलर ने मुझे जिंदा छोड़ दिया। ताकि ड्रेजलर की हत्या का आरोप मुझपर लगे।
और इस बीच वह आराम से अपना काम कर सके।

...लेकिन अब वह मुझसे बच नहीं सकेगा।
क्योंकि अब मुझे पता है कि उसतक कैसे पहुंचा जा सकता है।

उधर - लेबोरेट्री में वाल्ट हमेशा की तरह व्यस्त था।
लेकिन आज उसकी व्यस्तता में बाधा पड़ने वाली थी।

तु...तुम फिर यहां पर...?
हां, वाल्ट! लगता है कि तुम अभी कहीं से दौड़ कर आ रहे हो!
दौड़कर!?
मैं एक वैज्ञानिक हूं, मि॰ ध्रुव, रेसर नहीं!
तो फिर तुमने...

...ये 'स्पाईक शूज़' क्यों पहने हैं, वाल्ट?
...या फिर मैं तुमको हर्ट कहूं?

...चैंपियन किलर हर्ट!...

अब जब तुम मेरे बारे में जान ही गए हो, तो छुपने का कोई तुक नहीं है।
लेकिन तुमने मेरा यह राज जाना कैसे?
दवाइयों और गैसों के विषय में तुम्हारी गहरी जानकारी यह बताने को काफी थी कि तुम एक वैज्ञानिक हो!
और गैलीलो और सारादोना को इंस्टीट्यूट से बाहर नहीं ले जाना, साफ बताता था कि तुम इसी संस्था में काम करते हो!

और मुझसे लड़ाई के समय तुम्हारे बाएं हाथ का ज्यादा इस्तेमाल न कर पाना,...
...मुझे बता गया कि तुम वही वैज्ञानिक हो जिसके दाएं हाथ पर मैंने एसिड डाला था।
तू मेरे बारे में वह सब कुछ जान गया है, जो तेरी ज़िंदगी के लिए घातक हो सकता है।
मैं यहां पर तुमको यह सब सिर्फ इस लिए बताने आया हूं, ताकि तुम शांतिपूर्वक अपने गुनाह कबूल कर लो।...
... और नताशा के साथ-साथ, गैलीलो और सारादोना को मेरे हवाले कर दो।
असंभव। अब वे तीनों तो मेरे हाथ से ही मरेंगे, ध्रुव!
और इसकी शुरुआत...
तुमसे होगी!
मैंने इस इंस्टीट्यूट में 'वाल्ट' का रूप धरकर सिर्फ इसलिए नौकरी की थी, ताकि यहां से मैं उन चारों की हरकतों पर नजर रख सकूं।
आह!
धाड़
और तुम चाहते हो कि बगैर उन चारों का खात्मा किए मैं आत्मसमर्पण कर दूं।
ऐसा कभी नहीं होगा!
इतनी लंबी छलांग! देखकर भी यकीन नहीं होता।
लेकिन इस बार ध्रुव इस खेल को ज्यादा देर खेलने के मूड में नहीं था।
तड़ाक!
और चैंपियन किलर की ताकत से निपटने के लिए उसका आत्मविश्वास ही बहुत था।
धाड़!

अब बोल ! नताशा, गैलीलो और साराद्रोना को तूने कहां पर रखा है ?
वे तीनों इसी इंस्टीट्यूट के अंदर ही हैं, यह तो मैं जानता हूं। लेकिन वे कहां पर हैं, यह तो मुझे तू ही बताएगा!
यह तो तुम मुझ से मरते दम तक नहीं जान पाओगे!

और मुझे मारना तुम्हारे बस की बात नहीं है, चैंपियन!
क्योंकि चैंपियन किलर कुश्ती का भी चैंपियन है।
आह!
तड़ाक
ऐसे तो यह कुछ नहीं बताएगा!
इसको चित्त करने के लिए अब मुझे इसपर एक आखिरी दांव का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

अपने दिमागी दांव का!
लेकिन चैंपियन किलर ने ध्रुव को वह दांव चलाने का मौका नहीं दिया।

एक के बाद एक हथौड़े जैसे वार ध्रुव के शरीर पर पड़ते रहे।
धाड़
आह

और आखिरकार – ध्रुव के पैरों ने उसका साथ छोड़ दिया।
बेहोश हो गया! हाहाहा!
COLD
STORAG
आज मेरे सारे दुश्मन एक साथ ही खत्म होंगे!

अब तू यह भी जान पाएगा कि बाकी तीनों को मैंने कहां रखा है!
COLD STORAGE

वे सब यहां पर हैं।
इस 'कोल्ड-स्टोरेज' में।
और यहीं पर तुम सब की कब्र एक साथ बनेगी। हाहाहा।

अब मैं इस 'कोल्ड-स्टोरेज' को इतना ठंडा कर दूंगा, कि इन सबके जिस्म मरने से पहले ही अकड़ जाएंगे!
थर्मामीटर का पारा तेजी से नीचे गिरने लगा।...

... और शून्य से भी नीचे उतर कर-
'माइनस पचास' पर आकर थम गया।
हाहाहाहा!
0°
-10°
-20°
-30°
-40°
-50°
-60°
-70°
-80°
आज मेरे सारे काम खत्म हो गए।
मेरे सभी दुश्मन एकसाथ ठिकाने लग गए।...

अब थोड़ी देर में जब पुलिस यहां पर आएगी, तो उनको चार अकड़ी हुई लाशें मिलेंगी।
और मैं तब तक अपने हैलीकॉप्टर में बहुत दूर जा चुका होऊंगा।
चच्-चं!
मुझे तुम्हारे 'हवाई-किलों' को तोड़ते हुए बड़ा दुःख हो रहा है।

तुम्हारा 'कोल्ड-स्टोरेज' काम नहीं कर रहा है। मैंने उसका फ्यूज निकाल लिया है!
तुम बाहर कैसे निकल...?
ऐसे तालों को खोलना मेरे लिए बाएं हाथ का काम है।
यानि... यानि तुम बेहोश नहीं हुए थे?

बेहोश होने का तो मैंने सिर्फ नाटक किया था।
क्योंकि मैं जानता था कि बेहोश होने पर तुम मुझको भी वहीं लेकर जाओगे, जहां पर तुम ने बाकी तीनों को रखा है।
यही मेरा आखिरी दांव था।...
...और इस दांव से तुम पटखनी खा गए।

यह सचमुच तेरा आखिरी दांव था, छोकरे!
क्योंकि इसके बाद तू कभी कोई दांव नहीं चल पाएगा।
क्रोध से कांप रहा चैंपियन किलर ध्रुव की तरफ लपका।

लेकिन अब ध्रुव का दूसरा ही रूप चैंपियन किलर के सामने था।
ताड़.

परंतु चैंपियन किलर के लिए भी परिस्थिति अब जीने और मरने की थी।
धड़ाक.

और इस वक्त उसकी हालत चोट खाए, घायल और आदमखोर शेर की तरह थी।
धाड़
आह!
यह तो मुझे जान से खत्म कर देना चाहता है।
और अगर मुझे जल्दी ही इसे रोकने का रास्ता न मिला, तो यह अपने मकसद में कामयाब भी हो जाएगा।
कोई रास्ता मिलने तक मुझे ऐसे ही इसका मुकाबला करते रहना पड़ेगा।
लेकिन ध्रुव को अंजाने में ही चैंपियन किलर को रोकने का रास्ता मिल चुका था।
हवा में उड़ता हुआ चैंपियन किलर का शरीर –
पीछे रखे एक मोटे कांच के आर से जा टकराया।
और एक धमाके की आवाज के साथ गैस के गहरे बादलों ने चैंपियन किलर को लपेट में ले लिया।
छनाक
यह क्या?
यह तो उसी तरह की नर्व गैस लगती है, जिसका प्रयोग चैंपियन किलर ने सारादोना पर किया था।
यानि इस गैस को यह यहीं पर बनाता भी था।

मॉस्क होने के बावजूद भी चैंपियन किलर 'नर्व गैस' के गहरे बादलों के असर से बच नहीं पाया। और वह लड़खड़ा कर नीचे गिर पड़ा।

चैंपियन किलर जिस हथियार से दूसरों को खत्म करना चाहता था, उस ने आज उसी को *अपंग* बना दिया था।

खेल खत्म हो गया था।

और फिर-बाद में –

सारादोना और गैलीलो ने कारा का कत्ल करना कुबूल कर लिया है, मि. ध्रुव! और यह भी साफ हो गया है कि ड्रेजलर का कत्ल हर्ट ने ही किया है।

और आपकी सारी रिपोर्ट हमको इंटरपोल से मिल चुकी है।

हमको अपने पहले के बर्ताव के लिए खेद है।

मुझे भी अपने किए पर खेद है। मैं आज से ही अपने इंस्टीट्यूट की लेबोरेट्री बंद कर दे रहा हूं। गलत तरीके अपनाने का क्या अंजाम होता है, यह मैं देख चुका हूं।

मुझे खुशी है कि आपकी आंखें खुल गईं, डायरेक्टर साहब। खेलों को प्रतिद्वंद्विता की भावना से नहीं, बल्कि *खेल-भावना* से खेलना चाहिए।

और फिर- 'स्टार-प्लेन' भारत की धरती की तरफ वापस चल दिया।

लेकिन इस बार उसमें ध्रुव के साथ-साथ नताशा भी थी।

समाप्त